आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
भारत के मन की बात
के लिए पत्रकारों की जरूरत है।
चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

जालंधर, वीरवार 06 मार्च 2025

# वंदे भारत 24

भारत के मन की बात



@vandebharat24 | vandebharat24 | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

# पंजाब में बवाल...

## हिरासत में लिए गए 'भूमिपुत्र' तो फूंक दिया CM का पुतला

### भगवंत मान की पुलिस और किसान आमने-सामने

**जालंधर( हर्ष शर्मा ):** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) से जुड़े किसानों ने बुधवार को दावा किया कि उन्हें अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में योजनाबद्ध 'धरना' के लिए चंडीगढ़ की ओर बढ़ने की अनुमति नहीं दी जा रही है। विरोध के मद्देनजर चंडीगढ़-मोहाली सीमा पर बैरिकेड्स लगाए गए और सुरक्षा बढ़ा दी गई। एसकेएम 30 से अधिक किसान संगठनों का एक समूह है और इसने अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में 5 मार्च से चंडीगढ़ में एक सप्ताह तक चलने वाले धरने का आह्वान किया है। संगठन ने कहा कि पंजाब पुलिस बुधवार सुबह ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य वाहनों में चंडीगढ़ के लिए निकले किसानों को रोक रही है।

### रोके जाने पर क्या बोले किसान

मोगा में क्रांतिकारी किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष जतिंदर सिंह ने कहा कि चंडीगढ़ जाते समय उन्हें मोगा जिले के अजीतवाल में पंजाब पुलिस ने रोक लिया। सिंह ने दावा किया कि उनमें से कुछ को पुलिस ने 'हिरासत में' भी लिया। चंडीगढ़ जाने की अनुमति नहीं मिलने पर किसानों ने भगवंत मान सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की।

इस दौरान किसानों ने भगवंत मान का पुतला भी जलाया। उन्होंने कहा कि समराला में भी पुलिस ने किसानों को चंडीगढ़ जाने से रोक दिया। प्रशासन ने चंडीगढ़ के सेक्टर 34 में किसानों को प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं दी। चंडीगढ़ पुलिस ने मंगलवार को यातायात परामर्श जारी करते हुए कहा था कि यातायात को सुचारू रखने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 5 मार्च को कुछ सड़कों पर यातायात को नियंत्रित किया जा सकता है।



### सुबह हिरासत में लिए गए किसान

पंजाब पुलिस ने मंगलवार को बलबीर सिंह राजेवाल, रुलदा सिंह मानसा, गुरमीत सिंह भाटीवाल, नछत्तर सिंह जैतो, वीरपाल सिंह ढिल्लों, बिंदर सिंह गोलेवाल और गुरनाम भीखी समेत कई किसान नेताओं को हिरासत में लिया।

एसकेएम नेता जोगिंदर सिंह उग्राहन ने मंगलवार को किसान नेताओं से चंडीगढ़ की ओर मार्च करने का आह्वान किया था। उन्होंने किसानों से कहा कि वे खाली जगह पर बैठें और अगर चंडीगढ़ जाते समय पुलिस उन्हें रोकती है तो कोई सड़क जाम न करें।

### क्रांतिकारी किसान यूनियन के नेताओं को रोका

क्रांतिकारी किसान यूनियन जिला मोगा के अध्यक्ष जतिंदर सिंह ने कहा, जब वे चंडीगढ़ जा रहे थे तो पंजाब पुलिस ने उन्हें मोगा जिले के अजीतवाल में रोक दिया. कुछ किसानों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया.

किसानों ने चंडीगढ़ जाने की इजाजत नहीं देने पर भगवंत मान सरकार के खिलाफ नारे भी लगाए. समराला में भी किसानों को पुलिस ने चंडीगढ़ जाने से रोक दिया.

### मान ने दिया था तीखा बयान

आपको बता दें कि बंजाप के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने मंगलवार को कई किसान संगठनों पर हर दूसरे दिन विरोध प्रदर्शन करने, पंजाब को धरनों का राज्य बनाने और राज्य को भारी नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया।

# 3 जुलाई से होंगे बाबा बर्फानी के दर्शन


## 9 अगस्त तक चलेगी अमरनाथ यात्रा, जल्द शुरू होगा रजिस्ट्रेशन

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** अमरनाथ श्राइन बोर्ड की बैठक में अमरनाथ यात्रा 2025 की तारीख तय कर दी गई है. इस बैठक की अध्यक्षता जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने की, जो अमरनाथ श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं. इस साल अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई 2025 से शुरू होकर 39 दिनों तक चलेगी और रक्षाबंधन के दिन संपन्न होगी.

### जल्द शुरू होगा रजिस्ट्रेशन

2025 की यात्रा की तारीख तय होने के बाद श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है. हर साल लाखों श्रद्धालु पवित्र अमरनाथ गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए इस कठिन यात्रा पर जाते हैं.

यात्रा के लिए पंजीकरण प्रक्रिया जल्द शुरू होगी, जिससे श्रद्धालु समय रहते अपनी यात्रा की योजना बना सकें. अमरनाथ यात्रा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे ताकि यात्रा सुगम और सुरक्षित हो. अमरनाथ यात्रा हिंदू धर्म के सबसे पवित्र तीर्थों में से एक मानी जाती है. हर साल लाखों भक्त भक्तिभाव और आस्था के साथ कठिन पहाड़ी मार्गों से होकर गुफा तक पहुंचते हैं.



### पिछले साल 29 जून से शुरू हुई थी यात्रा

पिछले साल अमरनाथ यात्रा के लिए पहला जत्था 29 जून को रवाना हुआ था. यह यात्रा रक्षाबंधन के दिन यानी 19 अगस्त तक चली थी. पिछले साल श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे.

जम्मू-कश्मीर पुलिस की सुरक्षा विंग ने जम्मू में अमरनाथ बेस कैंप के आसपास के इलाके में तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए थे.

HAKIM TILAK RAJ KAPOOR
HOSPITAL PVT. LTD.
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525



आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा
हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in


आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



# मां वैष्णो देवी में महाकुंभ के बाद भी नहीं बढ़ रही भीड़

## घोड़ा-पिट्ठू और पालकी वाले निराश; आखिर क्या है वजह?

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** माता वैष्णो देवी के आधार शिविर कटड़ा में दो दिन के बाद मौसम में सुधार हुआ और धूप निकली। श्रद्धालु गुनगुनी धूप में मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए भवन की ओर रवाना हुए। यात्रा मार्ग पर बर्फीली हवा चलने की वजह से श्रद्धालुओं को हल्की ठंड का अहसास हुआ।



### बादलों की वजह से हेलीकॉप्टर सेवा प्रभावित रही

मां वैष्णो देवी के त्रिकुटा पर्वत के ऊपर छाए बादलों की वजह से हेलीकॉप्टर सेवा प्रभावित रही, लेकिन बैटरी कार व वैष्णो देवी भवन व भैरव घाटी के मध्य चलने वाली रोपवे केबल कर सेवा सुचारू रही, जिनका श्रद्धालुओं ने भरपूर लाभ उठाया।

मंगलवार दोपहर तीन बजे तक 8800 श्रद्धालु मां वैष्णो देवी भवन की ओर रवाना हो चुके थे और श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी था। मां वैष्णो देवी के सभी यात्रा मार्ग सुचारू हैं और श्राइन बोर्ड प्रशासन के साथ ही पुलिस विभाग, सीआरपीएफ के अधिकारी व जवान जगह-जगह तैनात हैं।

### भीड़ कम होने से श्रद्धालु आराम से कर रहे दर्शन

श्रद्धालु कटड़ा में अपना पंजीकरण करवा कर परिवार के साथ दिनभर भवन की ओर जोश के साथ रवाना होते रहे। वर्तमान में मां वैष्णो देवी की यात्रा की कमी का फायदा श्रद्धालु उठा रहे हैं।

श्रद्धालुओं को न तो यात्रा पंजीकरण के लिए लाइन में खड़ा होना पड़ रहा और न ही मां वैष्णो देवी भवन पर दर्शन को लेकर किसी भी तरह की परेशानी हो रही है।

### होली के बाद श्रद्धालुओं की बढ़ सकती है भीड़

श्रद्धालु मां वैष्णो देवी के दर्शन कर परिवार की सुख शांति के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। वहीं, भैरव घाटी पहुंचकर भैरव बाबा भैरवनाथ के चरणों में हाजिरी लगाकर अपनी यात्रा पूरी कर रहे हैं।

जानकारों का मानना है कि मार्च के दूसरे पखवाड़े यानी होली के बाद से मां वैष्णो की यात्रा में बढ़ोतरी शुरू हो जाएगी, क्योंकि इसी बीच देश भर में जारी परीक्षाएं समाप्त हो जाएंगी।

### महाकुंभ खत्म होने के बाद भी भीड़ नहीं

उसके बाद कटड़ा से लेकर मां वैष्णो देवी भवन एक बार फिर श्रद्धालुओं से गुलजार हो जाएगा।

फिलहाल श्रद्धालुओं की कमी की वजह से व्यापारी वर्ग के बीच मायूसी दिख रही है, क्योंकि महाकुंभ की वजह से इस बार श्रद्धालुओं में काफी गिरावट देखने को मिली थी। वहीं, भीड़ नहीं आने की वजह से घोड़ा-पिट्ठू और पालकी वाले मायूस नजर आ रहे हैं।

हालांकि, महाकुंभ खत्म होने के बाद भी श्रद्धालुओं की भीड़ नहीं दिख रही है। पहले से सोमवार को 9062 श्रद्धालुओं ने मां वैष्णो देवी के चरणों में हाजिरी लगाई थी।

# कमजोर शैक्षिक रिकॉर्ड वाले व्यक्ति को पीएम कैसे बनाया गया? मणिशंकर अय्यर के वीडियो से BJP का तंज

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** बीजेपी नेता अमित मालवीय ने बुधवार को अपने एक्स हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री मणि शंकर अय्यर ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की शिक्षा को लेकर सवाल उठाए है। इस वीडियो में मणिशंकर अय्यर ने कहा है कि राजीव गांधी को कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में भी असफलता का सामना करना पड़ा, जबकि वहां पास होना आसान माना जाता है। इसके बाद वह इंपीरियल कॉलेज, लंदन गए, लेकिन वहां भी वह सफल नहीं हो सके। मणिशंकर अय्यर ने यह भी सवाल किया कि इतने कमजोर शैक्षिक रिकॉर्ड वाले व्यक्ति को प्रधानमंत्री कैसे बनाया गया।

हालांकि, राजीव गांधी की शैक्षिक कठिनाइयों ने उन्हें राजनीति में आने से नहीं रोका। 1984 में अपनी इंदिरा गांधी की हत्या के बाद वह भारत के प्रधानमंत्री बने थे।

### भारत-चीन युद्ध पर भी मणि शंकर अय्यर ने दिया था विवादित बयान

इससे पहले, मणि शंकर अय्यर ने 1962 के भारत-चीन युद्ध को लेकर भी विवादित बयान दिया था। उन्होंने इसे चीन की तरफ से कथित आक्रमण कहा था, जिस पर कई लोगों ने आपत्ति जताई थी। यह बयान मणि शंकर अय्यर ने यह टिप्पणी कल्लोल भट्टाचार्जी की किताब नेहरू के पहले भर्ती- स्वतंत्र भारत की विदेश नीति बनाने वाले राजनयिक के विमोचन के दौरान की। मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मणिशंकर अय्यर ने कहा, अक्तूबर 1962 में, चीन ने कथित तौर पर भारत पर आक्रमण किया। 1962 का भारत-चीन युद्ध अक्तूबर और नवंबर 1962 के बीच हुआ था। चीनी सैनिकों ने मैकमोहन रेखा पार करके हमला किया और अक्साई चिन क्षेत्र पर कब्जा कर लिया, जो भारत का हिस्सा है। उन्होंने उस समय की एक घटना को याद कर रहे थे, जब उन्होंने भारतीय विदेश सेवा की परीक्षा दी थी।



# पंजाब में जमीनी विवाद : रंजिश को लेकर फ्रांस से आए बेटे ने माता-पिता पर चलाई थी गोलियां, पुलिस की जांच खुलासा

**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** एक मार्च को बुजुर्ग दंपती पर गोलियां चलाने वाला दंपती का अपना ही बेटा निकला। पुलिस ने इस अंधे कत्ल की गुत्थी को चार दिन के भीतर सुलझा लिया है।



बेटे ने ही अपने माता-पिता पर जमीन के बटवारे को लेकर चल रही रंजिश के चलते गोलियां चलाई थी। इस फायरिंग में बेटे द्वारा द्वारा चलाई गई गोलियां पिता को लगी थी और उसकी मौत हो गई थी जबकि माता के पेट में गोलियां लगने से वह बुरी तरह घायल हो गई थी और उसका अभी भी अमृतसर में इलाज चल रहा है।

वहीं, फ्रांस से आए आरोपी बेटे और उसके साथी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस संबंध में डीएसपी विपन कुमार ने बताया की एक मार्च को गांव सरवाली के पास लंगर की सेवा करने के बाद घर लौट रहे दंपती सोहन सिंह और उसकी पत्नी परमिंदर कौर पर रात के वक्त किसी अज्ञात ने गोली चलाई थी। इस फायरिंग में सोहन सिंह निवासी गांव सरवाली और पत्नी परमिंदर कौर को गोलियां लगी थी। इस फायरिंग में सोहन सिंह बुजुर्ग की मौत हो गई थी जबकि परमिंदर कौर गोलियां लगने से घायल हो गई थी। पुलिस ने उसी दिन मामला दर्ज करने के बाद अपनी जांच पड़ताल शुरू की तो पता चला कि सोहन सिंह का बेटा अजीतपाल सिंह जो फ्रांस में रहता है और उसका अपने पिता के साथ जमीन को लेकर झगड़ा चलता था और दोनों के बीच बोल-चाल भी बंद था। अजीतपाल सिंह पिछले करीब डेढ़ महीने से फ्रांस से गांव सरवाली आया हुआ था। अजीतपाल सिंह बेटे ने अपने पिता से पुरानी रंजिश रखने वाले सरवाली के रहने वाले बलबीर सिंह को अपना साथी बनाया और अपने माता-पिता के कत्ल करने की योजना बनाने लगा। योजना के अनुसार 1 मार्च 2025 को रात के वक्त करीब 9 बजे जब सोहन सिंह और परमिंदर कौर पत्नी लंगर की सेवा करके वापिस गांव आ रहे थे तो बेटे अजीतपाल सिंह ने 32 बोर के एक अवैद्य पिस्टल से अपने माता-पिता पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। जिससे दंपती को गोलियां लगी।

अजीतपाल सिंह अपनी बाइक मौके पर ही छोड़ भाग निकला। पुलिस उक्त दोनों ही आरोपियों अजीतपाल सिंह और उसके साथी बलबीर सिंह को गिरफ्तार करके उनसे पिस्टल बरामद कर लिया है। दोनों ही आरोपियों से आगामी पूछताश की जा रहा है।

# मायावती ने अब भाई आनंद कुमार को नेशनल कोआर्डिनेटर पद से हटाया

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** बहुजन समाज पार्टी ( बसपा ) में नाटकीय घटनाक्रम देखने को मिला है। पार्टी सुप्रीमो मायावती ने अपने भाई आनंद कुमार को राष्ट्रीय समन्वयक ( नेशनल कॉर्डिनेटर ) पद से हटाने का फैसला किया है, जबकि कुछ दिन पहले ही उन्हें इस पद पर नियुक्त किया गया था। इससे पहले मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निष्कासित कर दिया था। यह बदलाव बसपा में नेतृत्व को लेकर बड़े उलटफेर को दर्शाता है। मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी देते हुए बताया कि आनंद कुमार अब केवल पार्टी के राष्ट्रीय



उपाध्यक्ष पद पर ही बने रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह निर्णय आनंद कुमार की अपनी इच्छा के अनुरूप लिया गया है।

मायावती ने ट्वीट किया, काफी लम्बे समय से निस्वार्थ सेवा व समर्पण के साथ कार्यरत बीएसपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनन्द कुमार को अभी हाल ही में नेशनल कोआर्डिनेटर भी बनाया गया था। उन्होंने पार्टी व मूवमेन्ट के हित के मद्देनज़र एक पद पर रहकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की है, जिसका स्वागत है। मायावती ने आगे बताया कि आनंद कुमार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के तौर पर पहले की तरह उनके सीधे मार्गदर्शन में काम करते रहेंगे। उनकी जगह, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश के रणधीर बेनीवाल को राष्ट्रीय समन्वयक की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। अब रणधीर बेनीवाल और रामजी गौतम, ये दोनों राष्ट्रीय समन्वयक के तौर पर मायावती के सीधे निर्देशन में विभिन्न राज्यों में पार्टी की जिम्मेदारियां संभालेंगे। मायावती ने उम्मीद जताई कि नए समन्वयक पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



# मोहाली में एनकाउंटर

## मुल्लांपुर में बदमाश ने पुलिस पर चलाई गोली, पुलिस फायरिंग में बंबीहा गैंग का गुर्गा घायल

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** मोहाली के न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर में पुलिस और एक बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई है। पुलिस ने मोहाली पुलिस ने बदमाश को पकड़ने के लिए घेराबंदी की थी, तभी आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से बदमाश घायल हुआ है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि मुल्लांपुर में एक शातिर बदमाश छुपा हुआ है। सूचना के आधार पर बुधवार दोपहर पुलिस टीम उसे पकड़ने मुल्लांपुर पहुंची थी। तभी आरोपी ने बचने और मौके से फरार होने के लिए पुलिस टीम पर ही गोलियां चला दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की और एक गोली आरोपी के पैर पर लगी,





जिससे वह घायल हो गया। आरोपी बदमाश गांव पड़ौल का रहने वाला है। पकड़ा गया आरोपी बंबिहा गैंग का गुर्गा बताया जा रहा है।

## जगरांव में दिनदहाड़े चली गोलियांः ज्वेलर की दुकान पर नकाबपोश बदमाशों ने की फायरिंग, इधर-उधर भागने लगे लोग

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** पंजाब के लुधियाना के जगरांव में दिनदहाड़े नकाबपोश बदमाशों ने एक ज्वेलर की दुकान पर फायरिंग कर दी। गोलियों की आवाज से दहशत का माहौल बन गया। बाइक सवार बदमाश शहर के रानी झांसी चौक के सामने एक ज्वेलर की दुकान पर फायरिंग कर फरार हो गए। इस घटना से वहां भगदड़ मच गई। हालांकि इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। शहर के बीचों-बीच हुई फायरिंग ने कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार शहर के रानी झांसी चौक में लक्खे वाले ज्वेलर की दुकान के बाहर आए बाइक सवार दो बदमाशों ने एक के बाद एक तीन फायर किए। गोलियों दुकान में लगे शीशे पर लगी। गोलियों की आवाज से पूरे बाजार में अफरा-तफरी मच गई।



फायरिंग करने के बाद बाइक सवार दोनों बदमाश तहसील रोड की तरफ फरार हो गए। दुकान का गनमैन ने बदमाशों का पीछा किया लेकिन बदमाश भागने का कामयाब हो गए। वहीं घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी जसज्योत सिंह भी घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मौके से गोलियों के खोल मौके बरामद किए हैं। घटना स्थल से 9 एमएम के खोल बरामद हुए हैं। पुलिस आसपास और दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुट गई है। पुलिस दुकान मालिक पवन कुमार लड्डू के बयान दर्ज कर रही है। दुकान पर काम करने वाले कर्मियों के मुताबिक बदमाशों ने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था। बदमाशों ने दुकान आगे बाइक खड़ा कर गोलियां चलानी शुरू कर दी।

इससे पहले दुकानदार व ग्राहक कुछ पाते वहां अफरा-तफरी मच गई। सभी इधर-उधर भागने लगे। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले लुधियाना फिरोजपुर हाईवे पर राजा ढाबा की पार्किंग में कार सवार बदमाशों ने गोलियां चलाकर दहशत फैलाई थी। अभी तक पुलिस उस मामले भी आरोपी गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

# अमृतसर में नशे की बड़ी खेप पकड़ी

## पाकिस्तान से आई 23 किलो हेरोइन, अमेरिका से हुई थी डील, आरोपी भाग निकला

**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** पंजाब के अमृतसर के एक गांव से नशे की बड़ी खेप मिली है। जिला देहाती पुलिस ने कस्बा जंडियाला गुरु के गांव देवीदास पुरा गांव से 23 किलो हेरोइन की खेप बरामद की है। इस मामले में साहिलप्रीत सिंह नाम के युवक को नामजद किया गया है। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस टीम लगातार विभिन्न स्थानों पर रेड कर आरोपी को पकड़ने की कोशिश कर रही है।

जानकारी के अनुसार आरोपी साहिलप्रीत सिंह अमेरिका में बैठे ड्रग तस्कर जसमीत सिंह उर्फ लकी के लिए काम करता है। एसएसपी देहाती मनिंदर सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि पाकिस्तान से तस्करों की ओर से बड़ी मात्रा में हेरोइन की खेप भेजी गई है, जिसे आरोपी साहिलप्रीत सिंह ने रिसीव कर ठिकाने लगाया था। इसी सूचना के तहत पुलिस की टीम ने देवीदास पुरा में रेड की थी। हालांकि आरोपी पुलिस के पहुंचने से पहले ही भाग निकला, लेकिन उसके ठिकाने से हेरोइन की खेप बरामद की गई, जिसका कुल वजन 23 किलो है।

शुरुआती जांच में सामने आया है कि अमेरिका में बैठे तस्कर लकी आरोपी साहिलप्रीत को आदेश देता था, उसी के मुताबिक नशे की खेप को ठिकाने लगाता था। बाद में उसी की कहने पर आगे सप्लाई कर देता था। फिलहाल आरोपी की तलाश की जा रही है। उसके पकड़े जाने पर और भी रिकवरी होने की संभावना है।





# बजट सेशन में शामिल हो पाएंगे इंजीनियर रशीद? अंतरिम बेल से जुड़ी याचिका पर दिल्ली की अदालत ने सुरक्षित रखा फैसला

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** कश्मीर संभाग की बारामूला सीट से सांसद इंजीनियर रशीद की याचिका पर दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को सुनवाई की। कोर्ट ने जेल में बंद जम्मू-कश्मीर के सांसद इंजीनियर रशीद की याचिका पर अपना फैसला 7 मार्च तक के लिए सुरक्षित रख लिया। सांसद रशीद ने अदालत से आगामी संसद सत्र में भाग लेने के लिए हिरासत में पैरोल की मांग की थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने याचिका पर दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। 3 मार्च को अदालत ने एनआईए से रशीद की याचिका पर जवाब देने को कहा था। 27 फरवरी को रशीद के लिए अधिवक्ता विख्यात ओबेरॉय द्वारा दायर आवेदन में इस आधार पर राहत मांगी गई थी कि रशीद एक सांसद हैं और उन्हें अपना सार्वजनिक कर्तव्य पूरा करने के लिए आगामी सत्र में उपस्थित होने की आवश्यकता है।

### बारामूला सीट से जीता था चुनाव

ज्ञात हो कि इंजीनियर रशीद के नाम से मशहूर शेख अब्दुल रशीद ने 2024



के लोकसभा चुनाव में बारामूला लोकसभा सीट से मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को हराया था। रशीद की नियमित जमानत याचिका फिलहाल अदालत में लंबित है। संसद के बजट सत्र का दूसरा भाग 10 मार्च से शुरू होकर 4 अप्रैल को समाप्त होगा। न्यायाधीश ने 10 सितंबर को रशीद को जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत दी थी। जिसके बाद रशीद ने 27 अक्टूबर को तिहाड़ जेल में सरेंडर किया था।

**आतंकी फंडिंग मामले में हुई थी जेल :** साल 2017 के आतंकी फंडिंग मामले में गैर-कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत एनआईए द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद से इंजीनियर रशीद साल 2019 से तिहाड़ जेल में बंद है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 24 फरवरी को सत्र न्यायाधीश को मामले में रशीद की जमानत याचिका पर शीघ्र निर्णय लेने का निर्देश दिया था। हाई कोर्ट ने 24 दिसंबर, 2024 के आदेश के मद्देनजर निर्देश पारित किए, जिसके तहत सत्र न्यायालय ने जिला न्यायाधीश से अनुरोध किया था कि वह मामले को सांसदों के मुकदमे के लिए नामित अदालत में ट्रांसफर कर दें।

### जांच में आया रशीद का नाम सामने

कश्मीरी व्यवसायी जहूर वटाली की जांच के दौरान रशीद का नाम सामने आया था। जिसके बाद एनआईए ने कश्मीर घाटी में आतंकवादी समूहों और अलगाववादियों को कथित रूप से वित्तपोषित करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। एनआईए ने इस मामले में कश्मीरी अलगाववादी नेता यासीन मलिक, लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद और हिजबुल मुजाहिदीन के प्रमुख सैयद सलाहुद्दीन समेत कई लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। मलिक को आरोपों में दोषी ठहराए जाने के बाद 2022 में एक ट्रायल कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

# लुधियाना में बिस्किट से भरे CNG ट्रक में अचानक लगी आग, धू-धूकर जला ट्रक; ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पजांब के लुधियाना जिले में मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। दरअसल, लुधियाना के जगराओं में मंगलवार देर रात 11ः00 बजे के करीब मोगा साइड जीटी रोड पर नानकसर के नजदीक पुल पर चलते हुए ट्रक को अचानक आग लग गई।

जो देखते ही देखते भयानक रूप धारण कर गई। बताया जा रहा है कि सीएनजी ट्रक के टैंक में आग लगने से यह घटना हुई है।



## ट्रक के टैंक में आग लगने से हुआ धमाका

दरअसल, सीएनजी ट्रक के टैंक आग लगने के बाद धमाका हुआ और ट्रक आग की तेज लपटों में घिर गया। बस अड्डा पुलिस चौकी से एएसआई बलराज सिंह के अनुसार यह धमाका ट्रक में लगे हुए दो सीएनजी गैस सिलेंडर फटने से हुआ।

बता दें कि ट्रक में बिस्किट भरे हुए थे। जो कि आग में जलकर राख हो गए। देर रात जगराओं नगर कौंसिल की फायर ब्रिगेड गाड़ी द्वारा आग पर काबू पाया गया और बाद में क्रेन से उसे पुल से हटा दिया गया। आग लगने से ट्रक का चालक सुरक्षित ट्रक से बाहर निकलने में सफल हो गया।

## कूड़े के डंप में लगी आग, लोगों का सांस लेना मुश्किल

वहीं, एक दूसरे खबर की बात करें तो लुधियाना जिले के खन्ना के नजदीकी गांव बाहोमाजरा में बनाए गए कूड़े के डंप में दोपहर में आग लग गई। इसके बाद फैले धुएं से लोगों को सांस लेने में मुश्किल होने लगी।

नगर कौंसिल की ओर से बनाए गए कूड़े के इस पहाड़ में आए दिन आग लग जाने से आस-पास के रहने वाले लोगों में रोष है।

उन्होंने सरकार से डंप को खत्म करने की मांग की। इस मौके पर मौजूद स्वर्ण सिंह ने कहा कि सरकार को इस कूड़े के डंप को यहां से हटवा देना चाहिए, नहीं तो आसपास के लोग किसी न किसी भयानक बीमारी का शिकार हो जाएंगे।

### आग लगाना किसी की हो सकती है शरारत

फायर अफसर इस संबंध में जब खन्ना के फायर अधिकारी दिलशाद से बात की गई तो उन्होंने कहा कि आज डंप में आग लगी थी। इसके बाद फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां भेजकर आग में काबू पाया गया। चार दिन पहले भी इस डंप में आग लगी थी। उन्होंने कहा कि पता लगाया जा रहा है कि आग कोई जानबूझकर तो नहीं लगा रहा है।


# औरंगजेब की तारीफ पड़ गई भारी, विधानसभा से सस्पेंड हुए सपा विधायक अबू आजमी

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** महाराष्ट्र विधानसभा ने समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक अबू आजमी को मुगल शासक औरंगजेब पर दिए गए एक विवादास्पद बयान के कारण पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया है। यह निलंबन बुधवार को विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने के तुरंत बाद किया गया। संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने अबू आजमी के निलंबन का प्रस्ताव पेश किया, जिसे सदन ने ध्वनि मत से पारित कर दिया। यह कार्रवाई अबू आजमी द्वारा छत्रपति संभाजी महाराज पर आधारित फिल्म 'छावा' को लेकर दिए गए एक बयान के बाद हुई है, जिसमें उन्होंने औरंगजेब को एक अच्छा प्रशासक बताया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक सुधीर मुंगंटीवार ने इस निलंबन पर और कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अबू आजमी को न केवल इस सत्र के लिए, बल्कि हमेशा के लिए विधायक पद से निलंबित कर देना चाहिए। उन्होंने कहा,



हम छत्रपति शिवाजी महाराज की पूजा करते हैं और उनका अपमान करने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। अबू आजमी ने हाल ही में 'छावा' फिल्म में ऐतिहासिक तथ्यों के चित्रण की आलोचना करते हुए कहा था कि औरंगजेब एक न्यायप्रिय शासक था।

उन्होंने यह भी दावा किया कि औरंगजेब के शासनकाल में भारत को 'सोने की चिड़िया' कहा जाता था और उसने कई मंदिरों का निर्माण कराया था। उनके इन बयानों को कई राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने इतिहास का गलत चित्रण और महान मराठा शासकों का अपमान बताया है।




# आप इसे कैसे लागू नहीं कर रहे; सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश पर दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र को लगाई डांट

**जालंधर( अंशु कपूर ) :** दिल्ली हाई कोर्ट ने आज केंद्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश को लागू न करने पर कड़ी फटकार लगाई है। हाई कोर्ट सुप्रीम कोर्ट के 2006 के विवाह रजिस्ट्रेशन संबंधी आदेश पर सुनवाई कर रहा था। दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि यह तो चौंकाने वाला है कि आप सुप्रीम कोर्ट के आदेश को कैसे लागू नहीं कर रहे हैं। इसी के साथ अदालत ने मोदी सरकार को आदेश दिया कि वे तीन महीने के अंदर शादियों के अनिवार्य पंजीकरण पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करें।

चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेडेला की बेंच ने कहा कि यह दयनीय और चौंकाने वाला है कि 2006 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश, जिसमें सभी शादियों को धर्म की परवाह किए बिना अनिवार्य रूप से पंजीकृत करने के लिए कहा गया था, को अभी तक अधिकारियों ने लागू नहीं किया है। उन्होंने आगे कहा कि यह वास्तव में दयनीय है। यह चौंकाने वाला है कि आप सुप्रीम कोर्ट के आदेश को कैसे लागू नहीं कर रहे हैं। हाई कोर्ट ने दोनों सरकारों को एक याचिका पर नोटिस भी जारी किया, जिसमें गृह मंत्रालय को शादी के पंजीकरण के लिए एक केंद्रीकृत डेटाबेस बनाने के लिए नियम बनाने का निर्देश देने की मांग की गई है। सुप्रीम




कोर्ट ने फरवरी 2006 में फैसला सुनाया था कि सभी शादियां, उनके धर्म की परवाह किए बिना, अनिवार्य रूप से पंजीकृत होनी चाहिए और केंद्र और सभी राज्यों को तीन महीने के भीतर इसके लिए नियम बनाने और अधिसूचित करने का निर्देश दिया था।

शीर्ष अदालत के निर्देशों के अनुसार, दिल्ली सरकार ने 21 अप्रैल, 2014 को शादी के अनिवार्य पंजीकरण के लिए कुछ प्रावधानों वाला एक आदेश जारी किया था। इस आदेश को दिल्ली (शादी का अनिवार्य पंजीकरण) आदेश, 2014 के रूप में जाना जाता है। हालांकि, याचिकाकर्ता ने नियमों में कई कमियां और खामियां बताईं, और कहा कि राज्य और केंद्र सरकार को इसके बारे में सूचित किया गया था। याचिकाकर्ता आकाश गोयल ने कहा कि 2006 के फैसले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा बताए गए उचित कानून के अभाव में, शादियों के पंजीकरण के लिए जो तरीका उपलब्ध है, वह न केवल अपर्याप्त है और पंजीकरण चाहने वाले लोगों को परेशानी होती है, बल्कि यह शादियों के अनिवार्य पंजीकरण के उद्देश्य को भी पूरा नहीं करता है। बेंच ने कहा कि हम भारत सरकार और दिल्ली सरकार के संबंधित मंत्रालय से इस मामले को देखने और उचित कदम उठाने का आह्वान करते हैं जो कानून में जरूरी होंगे और सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए हैं। तीन महीने का समय देते हुए, बेंच ने केंद्र और राज्य सरकार के फैसलों को 9 जुलाई को अगली सुनवाई से पहले दायर करने के लिए कहा। जब दिल्ली सरकार के वकील ने कहा कि उसने शीर्ष अदालत के निर्देशों के अनुसार नियम बनाए हैं, तो बेंच ने कहा कि नियम केवल कार्यकारी प्रकृति के थे। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार एक कानून होना चाहिए। आपको लोगों की जरूरतों का जवाब देना होगा और शादियों के सुचारू पंजीकरण के लिए नियम बनाने होंगे।

यह समय की मांग है। ये ऐसी चीजें नहीं हैं जो अदालत में आनी चाहिए। याचिका में गृह मंत्रालय को शादी के एक केंद्रीय डेटाबेस के लिए नियम बनाने का निर्देश देने की मांग की गई है क्योंकि अलग-अलग राज्य-व्यापी डेटाबेस सुप्रीम कोर्ट के फैसले के उद्देश्य को पूरा करने में मदद नहीं करते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि एक व्यक्ति आसानी से दिल्ली में शादी कर सकता है और पंजीकरण करा सकता है, जबकि वह पहले से ही दूसरे राज्य में शादी कर चुका है और पंजीकृत है।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED
ANM 2 Years Diploma
GNM 3 Years Diploma
B.Sc (Nursing) 4 Years Degree
D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma
10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

# जालंधर में पुलिस पर फायरिंग : कार सवार नशा तस्करों का पीछा कर रही थी टीम, 2 गिरफ्तार, गाड़ी से मिला प्रेस कार्ड




**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** पंजाब के जालंधर में पुलिस पर फायरिंग की घटना हुई है। जालंधर के पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र में पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार 120 फुटी रोड पर स्पेशल सेल की टीम और नशा तस्कर के बीच गोलियां चली। बताया जा रहा है कि स्पेशल सेल की टीम कार सवार तस्करों का पीछा कर रही थी। इस टकराव के दौरान पुलिस ने भाग रहे नशा तस्कर को घेरकर गिरफ्तार कर लिया। वहीं घटना के दौरान कार पर गोली चलने के निशान भी मिले हैं। फिलहाल इस मामले में पुलिस अधिकारी अभी चुप्पी साधे हुए हैं।

सूत्रों के अनुसार पुलिस ने एक नशा तस्कर संदीप उर्फ गिन्नी निवासी जालंधर को गिरफ्तार कर लिया है। गाड़ी से नशीला पदार्थ सहित प्रेस का कार्ड बरामद हुआ है। कार्ड पर व्यक्ति नाम भारत भूषण लिखा हुआ था। बताया जा रहा है कि पुलिस का पीछा करते देख आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस ने कार के टायर पर गोली चलाई। गाड़ी में 4 लोग मौजूद थे, जिनमें में 2 को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और 2 मौके से फरार हो गए।

वहीं नवदीप नामक व्यक्ति ने बताया कि आरोपी मौके पर नशे कोई डील कर रहे थे। इस दौरान पुलिस को देखकर आरोपियों ने गाड़ी भगा ली। इसके बाद पुलिस ने पीछा करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। व्यक्ति ने कहा कि कुछ दिन पहले भी ऐसी घटना हुई थी, जहां शरारतियों ने गाड़ियों के शीशे तोड़कर सामान निकालकर ले गए थे। इस मामले में एक व्यक्ति को राउंडअप किया गया है।

# नशे के खिलाफ पंजाब सरकार का Bulldozer Action जारी, अब जालंधर में चला बुलडोजर



**जालंधर ( जसप्रीत सिंह ) :** जालंधर में पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। इसी के तहत पुलिस ने आज किशनपुरा इलाके के अधीन आते धानकियां मोहल्ले में तस्कर के घर पर कार्रवाई की है। जहां पुलिस ने तस्कर के घर पर बुलडोजर चलाकर घर को धवस्त कर दिया है।

## बुल्डोजर एक्शन बरकरार

यह कार्रवाई एडीसीपी तेजबीर सिंह की अगुवाई में की गई। इसकी वीडियो भी सामने आई है, जिसमें देखा जा सकता है कि पुलिस ने बुलडोजर चलाकर पूरे घर को गिरा दिया है। पिछले कुछ दिनों से पंजाब के डीजीपी गौरव यादव के आदेशों पर कई नशा तस्करों के घरों को धवस्त किया जा चुका है।

**नशा तस्करों के खिलाफ जारी रहेगी कार्रवाई :** बता दें कि रविवार को देहात पुलिस ने भी 2 नशा तस्करों के घरों को धवस्त किया था। मामले की जानकारी देते हुए एडीसीपी तेजबीर सिंह ने कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ उनकी कार्रवाई इसी तरह से जारी रहेगी।

# चंडीगढ़ के 1 लाख 43 वाहन चालकों को झटका

## नहीं करवा पाएंगे करवा पाएंगे बीमा; पॉल्यूशन सर्टिफिकेट भी नहीं होगा जारी

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** जिन लोगों के पांच या इससे ज्यादा बार चालान कटे हैं, अब ऐसे लोग अपने वाहनों का न तो बीमा करवा पाएंगे और न ही पॉल्यूशन सर्टिफकेट जारी करवा पाएंगे। प्रशासन के ट्रांसपोर्ट विभाग ऐसे वाहन चालकों का नान बी ट्रैन्जेएट (लेन-देन न करने) की सूची में शामिल कर दिया है।

ऐसे वाहन चालक नहीं कर पाएंगे कोई लेन-देन

केंद्र सरकार का यह नियम है कि जिन वाहन चालकों के लिए चालान जुर्माने के लिए पेंडिंग है, उन्हें इस सूची में शामिल कर दिया जाए। प्रशासन ने इस नियम को चंडीगढ़ में लागू करते हुए ऐसे वाहन चालकों को इस सूची में शामिल कर दिया है। जिससे अब इस वाहन से संबंधित कोई भी लेन-देन नहीं हो सकता। सिर्फ रोड टैक्स को छोड़कर अन्य किसी भी प्रकार का लेन-देन नहीं हो सकता। ऐसे में अब ऐसे चालक अपने वाहन का बीमा और पॉल्यूशन नहीं करवा पाएंगे। हर वाहन के लिए छह महीने बाद प्रमाणपत्र लेना अनिवार्य है। ऐसे वाहनों का अब लेन-देन भी नहीं हो पाएगा। ऐसे चालकों पर तभी पाबंदी हटेगी जब वह चालान के जुर्माने का भुगतान करेंगे।




### 1 लाख 43 हजार वाहन चालकों को लगा झटका

शहर में ऐसे एक लाख 43 हजार लाइसेंस है, जिनका पांच या इससे अधिक बार चालान कटा हुआ है। इनमें हजारों चालक ऐसे भी है, जिनके 20 से ज्यादा बार चालान कटा हुआ है। आरएलए कार्यालय ने इन वाहन चालकों को पहले ही कारण बताओ नोटिस जारी कर चुका हैं, जिनकी समय सीमा खत्म हो गई है।

कईयों ने अभी तक जवाब नहीं दिया है। जबकि अब अगली कार्रवाई ट्रांसपोर्ट विभाग की ओर से लाइसेंस रद्द करने के अलावा उनके वाहन का पंजीकरण खारिज करने की जाएगी, जिसके लिए विभाग कानूनी राय ले रहा है।

अब ऐसे वाहनों के स्वामित्व हस्तांतरण, पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी) का नवीनीकरण, डुप्लीकेट जारी करने, प्रदूषण प्रमाणपत्र और बीमा जैसी सेवाओं पर रोक लग गई है जब तक कि चालान निपटा नहीं दिए जाते।

### शहरवासी ऐप पर देख सकते हैं स्टेटस

मालूम हो कि शहरवासी वाहन ऐप डाउनलोड करके अपने चालान का स्टेटस भी चेक कर सकते हैं। जिस व्यक्ति का ऑनलाइन चालान कटता है, उन्हें ट्रैफिक पुलिस की ओर से मोबाइल पर मैसेज भेजकर इसकी जानकारी भी दी जाती है। ट्रासपोर्ट के निदेशक प्रधुमन सिंह का कहना है कि जिन लोगों के पांच या इससे ज्यादा बार चालान कटे हैं, ऐसे लोगों को केंद्र सरकार के नियम के अनुसार नान बी ट्रैन्जेएट की सूची में शामिल कर दिया गया है। ऐसे में चालक अपने वाहन के लिए कुछ नहीं कर सकते हैं।

### कई लोगों के आए जवाब

पंजीकरण कार्यालय के अनुसार नोटिस जारी कर चालकों को अंतिम मौका दिया गया है। इस समय कई लोगों ने जवाब दिया कि उनके यहां पर जिस वाहन चालक के नाम पर नोटिस भेजा गया है, वह यहां पर नहीं रह रहा है। इसके अलावा यह भी जवाब आया कि उन्होंने अपना वाहन आगे बेच दिया है।

### ट्रैफिक पुलिस ने पिछले साल काटे 10 लाख से ज्यादा चालान

सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ में ट्रैफिक पुलिस ने पिछले साल 10 लाख से ज्यादा चालान काटे। पुलिस द्वारा काटे गए इन चालानों में 7.5 लाख से ज्यादा चालान का जुर्माना वसूल ही नहीं हो पाया। साल 2024 में कुल 10,15,518 चालान काटे गए। इनमें से सिर्फ 2,61,586 चालान का ही भुगतान हुआ। पुलिस को इन चालानों से 22,78,43,950 रुपये की कमाई हुई।

ट्रैफिक पुलिस द्वारा किए गए चालान ज्यादातर रेड लाइट जंप करने, तेज रफ्तार और गलत पार्किंग जैसे नियमों के उल्लंघन के लिए काटे गए। महिला चालकों और पीछे बैठने वालों को भी हेलमेट न पहनने के लिए बड़ी संख्या में चालान काटे गए। पुलिस की वेबसाइट पर सिर्फ 75 तरह के ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन बताया गया है, जबकि चालान 121 तरह के उल्लंघनों के लिए काटे गए। 44,564 महिलाओं को पीछे बैठकर हेलमेट न पहनने के लिए चालान काटे गए। 6,870 महिलाओं को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट न पहनने के लिए चालान काटे गए। प्रशासन ने नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर को निर्देश दिया है कि इस तरह का सॉफ्टवेयर में संशोधन किया जाए। जिससे पांच या इससे ज्यादा बार चालान कटने वाले प्रमाणपत्र जारी न करवा सके। पॉल्यूशन और वाहन बीमा का प्रमाणपत्र न होने पर ट्रैफिक पुलिस दस हजार रुपये का चालान काट सकती है।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247






# चंडीगढ़ कूच के लिए निकले किसानों को पुलिस ने रास्ते में रोका, बॉर्डर सील; हिरासत में कई नेता

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने आज चंडीगढ़ में आंदोलन करने का एलान किया है। चंडीगढ़ पहुंचने से पहले पुलिस ने किसानों को रोक लिया है।

आंदोलन के मद्देनजर चंडीगढ़ पुलिस ने शहर में प्रवेश करने वाले वाहनों के लिए यातायात डायवर्जन लागू किया है, जिसके कारण जीरकपुर-चंडीगढ़ मार्ग पर भीषण जाम लग गया है। कई जगहों पर पुलिस वाहनों की चेकिंग भी कर रही है।

**हिरासत में लिए नेताओं को चौकी ले गई पुलिस :** भारतीय किसान यूनियन एकता उगरहां ब्लॉक, डेराबस्सी जिला, मोहाली के नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया और लेहली चौकी ले जाया गया।

## हिरासत में लिए गए जोगिंदर सिंह उगराहां

भारतीय किसान यूनियन उगरांहा के प्रधान जोगिंदर सिंह उगराहां को संगरूर पुलिस ने हिरासत में लिया। बताया जाता है कि वह संगरूर के गांव घराचों के रास्ते से होते हुए चंडीगढ़ की तरफ जा रहे थे, जिन्हें रास्ते में पकड़ कर हिरासत में लिया गया।

## पंजाब से आने वाली गाड़ियों की हो रही है जांच


चंडीगढ़ मुल्लापुर बैरियर पर पुलिस तैनात कर दी गई है। पंजाब की तरफ से आने वाली हर गाड़ी की जांच कर ही उसे चंडीगढ़ के अंदर जाने दिया जा रहा है।

## पंजाब पूरी तरह से शांतिपूर्ण

चंडीगढ़ की ओर मार्च निकाले जाने पर रोपड़ रेंज के डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर ने कहा कि पंजाब पूरी तरह से शांतिपूर्ण है। किसान जहां भी आए हैं, उस क्षेत्र की पुलिस ने उन्हें वहीं रोक दिया है। वे वहां शांतिपूर्वक बैठे हैं। पूरे पंजाब में यातायात सामान्य है। उन्हें किसी भी कीमत पर चंडीगढ़ नहीं आने दिया जाएगा। हमारे पास कड़ी सुरक्षा है।

## मुक्तसर के किसानों को भी रोका

मुक्तसर से चंडीगढ़ के लिए रवाना हुए किसान पुलिस ने बठिंडा रोड गांव भलाईआना में रोक रखे हैं। पुलिस किसानों को आगे नहीं बढ़ने दे रही है।












## पटियाला में भी कड़ी सुरक्षा

पटियाला में पुलिस ने किसानों के चंडीगढ़ में पक्का मोर्चा लगाने की घोषणा के चलते सुरक्षा के कड़े प्रबंध कर दिए हैं ताकि किसान चंडीगढ़ ना पहुंचे सकें।?

## गाड़ियों की हो रही है जांच

चंडीगढ़ मुल्लापुर बैरियर पर पुलिस तैनात कर दी गई है। पंजाब की तरफ से आने वाली हर गाड़ी की जांच कर ही उसे चंडीगढ़ के अंदर जाने दिया जा रहा है।

## किसान नेता पंढेर ने कही ये बात

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के आज चंडीगढ़ की ओर मार्च पर किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि हमारे करीब 18 जिलों में कार्यक्रम होंगे। अकेले अमृतसर में 21 जगहों पर हम भगवंत मान के पुतले जलाएंगे। आज का कार्यक्रम पूरे पंजाब में सैकड़ों जगहों पर किया जाएगा।

एसकेएम की पंजाब यूनियन के नेता को किसान मजदूर मोर्चा के नेतृत्व के साथ हिरासत में लिया गया है। आज का आंदोलन किसानों के मानवाधिकार उल्लंघन के खिलाफ है। यह शांतिपूर्ण तरीके से किया जाएगा। हम मांग करते हैं कि गिरफ्तार किए गए सभी किसानों को रिहा किया जाए।

## ऐसा सीएम पहली बार देखा...

किसान मजदूर संघर्ष समिति के नेता गुरबचन सिंह छाबा ने कहा कि पंजाब में भगवंत मान सरकार किसानों के साथ बैठक छोड़कर चली गई। हमने ऐसा सीएम पहली बार देखा है, जो किसानों के साथ बैठक बीच में छोड़कर चला जाता है। कोई ऐसा जो किसान नेताओं के घरों पर छापेमारी करवाता है, उन्हें उनके घरों में नजरबंद करता है और कुछ अन्य को पुलिस स्टेशनों पर हिरासत में लेकर उन्हें गिरफ्तार करवाता है।



उन्होंने कहा कि भगवंत मान सरकार किसानों के मानवाधिकारों का उल्लंघन करने के लिए केंद्र के हाथों में खेल रही है। लोग इसे कभी स्वीकार नहीं करेंगे। हम भगवंत मान का पुतला जलाएंगे।

उन्होंने कहा कि हम मांग करेंगे कि किसानों को विरोध करने की अनुमति दी जाए और उनकी मांग पूरी की जाए। हमारी मांगें गैरकानूनी नहीं हैं...हम इस सरकार की निंदा करते हैं। हमारा विरोध हमेशा शांतिपूर्ण होता है।

## चंडीगढ़ के बॉर्डर पर पुलिस तैनात

किसानों द्वारा चंडीगढ़ की ओर मार्च निकाले जाने पर चंडीगढ़ की एसपी गीतांजलि खंडेलवाल ने कहा कि हमने चंडीगढ़ की सभी सीमाओं पर पुलिसकर्मियों को तैनात किया है, बैरिकेडिंग की गई है। सभी स्थानों पर कड़ी जांच की जा रही है।

उन्होंने कहा कि हम सभी रूट डायवर्जन के लिए प्रयास कर रहे हैं और लोगों को कम से कम असुविधा हो। लेकिन जहां भी हमें संदेह है कि हमारी जांच के कारण ट्रैफिक जाम हो सकता है, हमने ट्रैफिक रूट डायवर्ट कर दिया है।



# सिर्फ स्किन ही नहीं बालों के लिए भी रामबाण है Rice Water सीरम

अगर आप भी यह मानते हैं कि लंबे-घने और काले बाल सिर्फ फिल्मों में देखने को मिलते हैं, तो आप पूरी तरह गलत है। आप हकीकत में भी खूबसूरत और लंबे-घने बाल पा सकते हैं। खास बात यह है कि इसके आपको महंगे हेयर केयर प्रोडक्ट्स की जरूरत नहीं है। आप अपने किचन में मौजूद सिर्फ एक अनाज से ऐसा कर सकते हैं। जी हां, हम बात कर रहे हैं चावल की, जिसका पानी सिर्फ आपकी स्किन की नहीं, बल्कि आपके बालों को भी मजबूत और चमकदार बना सकता है। सदियों से बालों को हेल्दी बनाने के लिए चावल के पानी का इस्तेमाल किया जा रहा है।




## बालों के लिए राइस वॉटर के फायदे-

इसमें विटामिन, मिनरल और अमीनो एसिड होते हैं, तो बालों की मजबूती, बनावट और विकास में सुधार करता है। इसमें मौजूद विटामिन बी और ई, अमीनो एसिड और मिनरल्स आपके स्कैल्प को पोषण देते हैं और बालों के पोर्स को मजबूत बनाते हैं। फर्मेंटेड चावल का पानी इसके फायदों को बढ़ा देता है। यह प्रोसेस इनोसिटोल बनाती है, जो डैमेज बालों को रिपेयर करती है, जिससे बालों का गिरना कम करती है।

## कैसे तैयार करने चावल का पानी?

चावल का पानी यानी राइस वॉटर असल में एक स्टार्च रिच लिक्विड है, जो उबले हुए चावल को छानकर या चावल को तब तक उबालकर बनाया जाता है, जब तक कि चावल पानी में पूरी तरह से घुल न जाए। इसका इस्तेमाल सदियों से बालों की देखभाल के लिए किया जाता रहा है। यह बालों का झड़ना कम करने के साथ-साथ बालों को हेल्दी बनाने में भी मदद करता है। आइए जानते हैं हेयरफॉल रोकने के लिए कैसे करें चावल के पानी का इस्तेमाल-

कैसे करें राइस वॉटर का इस्तेमाल-

सबसे पहले ड्ड कप चावल को अच्छी तरह धो लें। अब इसे 2 कप पानी में तब तक उबालें जब तक यह गाढ़ा न हो जाए, फिर पानी को छान लें।

चावल के पानी को ठंडा होने दें। आप इसे 24 घंटे के लिए सामान्य तापमान पर छोड़ कर फर्मेंट भी कर सकते हैं।

अब साफ और गीले बालों में चावल का पानी लगाएं। इससे स्कैल्प पर मसाज करें और 20-30 मिनट तक लगा रहने दें। आखिर में बालों को पानी से धो लें।

हफ्ते में 1-2 बार चावल के पानी का इस्तेमाल कर सकते हैं। हालांकि, ज्यादा मात्रा में इसका इस्तेमाल करने से बचें, वरना प्रोटीन की ज्यादा मात्रा होने की वजह से यह बालों को कठोर बना सकता है।

# शरीर में पानी की कमी तो नहीं हो गई है?

## 10 लक्षणों की मदद से करें डिहाइड्रेशन टेस्ट

हमारे शरीर का बड़ा हिस्सा पानी से बना है। यह न केवल शरीर के तापमान को कंट्रोल करता है, बल्कि पाचन, ब्लड सर्कुलेशन और टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में भी अहम भूमिका निभाता है। इसलिए शरीर में पानी की कमी होना काफी खतरनाक हो सकता है। जब शरीर में पानी की कमी होती है, तो इसे डिहाइड्रेशन कहा जाता है। डिहाइड्रेशन के कारण शरीर को काफी गंभीर नुकसान हो सकते हैं। हालांकि, कुछ लक्षणों की मदद से आप इसे पहचानकर इसका इलाज कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि शरीर में पानी की कमी के संकेत क्या हैं और इसे कैसे पहचाना जा सकता है।




**प्यास लगना** - प्यास लगना डिहाइड्रेशन का सबसे सामान्य और शुरुआती संकेत है। जब शरीर में पानी की कमी होती है, तो दिमाग प्यास का संकेत देता है। यदि आपको बार-बार प्यास लग रही है, तो यह संकेत हो सकता है कि आपके शरीर में पानी की कमी हो रही है।

**मुंह सूखना** - पानी की कमी होने पर मुंह और गले में सूखापन महसूस होता है। यह स्थिति तब होती है जब शरीर लार का बनाना कम कर देता है, जो मुंह को नम रखने के लिए जरूरी है। मुंह सूखने पर बोलने और निगलने में भी दिक्कत हो सकती है।

**थकान और कमजोरी** - पानी की कमी होने पर शरीर में एनर्जी लेवल गिर जाता है। इससे थकान, सुस्ती और कमजोरी महसूस होती है। अगर आप बिना किसी कारण के थका हुआ महसूस कर रहे हैं, तो यह डिहाइड्रेशन का संकेत हो सकता है।

**सिरदर्द** - डिहाइड्रेशन के कारण सिरदर्द या माइग्रेन की समस्या हो सकती है। पानी की कमी से दिमाग में ब्लड सर्कुलेशन कम हो जाता है, जिससे सिरदर्द होता है। अगर आपको बार-बार सिरदर्द हो रहा है, तो यह पानी की कमी का संकेत हो सकता है।

**यूरिन का रंग गहरा होना** - यूरिन का रंग शरीर में पानी की मात्रा को दिखाता है। अगर यूरिन का रंग गहरा पीला या भूरा है, तो यह डिहाइड्रेशन का संकेत है। सामान्य रूप से, यूरिन का रंग हल्का पीला या साफ होना चाहिए।

**त्वचा का रूखापन** - पानी की कमी होने पर त्वचा रूखी और बेजान हो जाती है। त्वचा में इलास्टिसिटी कम हो जाती है और यह डिहाइड्रेशन का एक अहम लक्षण है। अगर आपकी स्किन रूखी और खिंची हुई लग रही है, तो यह पानी की कमी का संकेत हो सकता है।

**चक्कर आना** - डिहाइड्रेशन के कारण ब्लड प्रेशर कम हो जाता है, जिससे चक्कर आने की समस्या हो सकती है। यदि आपको बार-बार चक्कर आ रहे हैं, तो यह शरीर में पानी की कमी का संकेत हो सकता है।

**मांसपेशियों में ऐंठन** - पानी की कमी होने पर मांसपेशियों में ऐंठन और दर्द हो सकता है। यह स्थिति तब होती है, जब शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स का बैलेंस बिगड़ जाता है। इलेक्ट्रोलाइट्स, जैसे सोडियम और पोटेशियम, मांसपेशियों के सही फंक्शन के लिए जरूरी हैं।

**कब्ज की समस्या** - पानी की कमी होने पर पाचन तंत्र प्रभावित होता है, जिससे कब्ज की समस्या हो सकती है। पानी मल को नरम बनाने और आंतों में आसानी से मूव करने में मदद करता है। अगर आपको कब्ज की शिकायत है, तो यह डिहाइड्रेशन का संकेत हो सकता है।

**हार्ट रेट बढ़ना** - डिहाइड्रेशन के कारण हार्ट बीट बढ़ सकती है। पानी की कमी से खून का वॉल्यूम कम हो जाता है, जिससे दिल को ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। अगर आपका दिल सामान्य से ज्यादा तेज धड़क रहा है, तो यह पानी की कमी का संकेत हो सकता है।

# गठिया के दर्द से परेशान हैं तो अपनाएं ये उपाय, नहीं पड़ेगी दवा की जरूरत

गठिया एक ऐसी बीमारी है, जो मुख्य रूप से उम्र बढ़ने के साथ होती है, लेकिन आजकल यह युवाओं में भी देखने को मिल रही है। इसमें जोड़ों में दर्द, सूजन और जकड़न की समस्या उत्पन्न होती है। मौसम बदलने पर यह समस्या और भी बढ़ जाती है। महंगी दवाइयों के बावजूद अगर राहत न मिले, तो आयुर्वेदिक घरेलू उपाय अपनाना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। कई शोधों ने कुछ असरदार आयुर्वेदिक नुस्खों को साझा किया है, जो गठिया के दर्द से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं। आइए, इन नुस्खों को विस्तार से जानते हैं।

**अलसी से जोड़ों को मजबूती** – अलसी के बीज ओमेगा-3 फैटी एसिड और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होते हैं, जो जोड़ों की सूजन और दर्द को कम करने में मदद करते हैं। यह बीज शरीर में सूजन को कंट्रोल करते हैं और गठिया के दर्द को कम करने में असरदार होते हैं। आप रोजाना अलसी के बीज का सेवन करके अपने जोड़ों को मजबूत बना सकते हैं। इसका सेवन आसानी से आप सुबह अपने नाश्ते में कर सकते हैं या फिर इसे किसी सलाद या दही में डाल सकते हैं।

**हल्दी वाला दूध – गठिया के दर्द के लिए कारगर उपाय**

हल्दी में करक्यूमिन नामक एक तत्व होता है, जो एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होता है। यह तत्व जोड़ों की सूजन और दर्द को कम करने में मदद करता है। रात को सोने से पहले हल्दी वाला दूध पीने से गठिया के दर्द में आराम मिलता है। इसके लिए एक गिलास गर्म दूध में आधा चम्मच हल्दी पाउडर डालें। स्वाद बढ़ाने के लिए इसमें थोड़ा शहद या गुड़ भी डाल सकते हैं। यह उपाय गठिया के दर्द में बहुत प्रभावी साबित हो सकता है।



**अश्वगंधा – नेचुरल पेनकिलर**

अश्वगंधा एक आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी है, जो शरीर की कमजोरी को दूर करने और जोड़ों की सूजन को कम करने में मदद करती है।

यह गठिया के मरीजों के लिए एक शानदार उपाय है। आप रोजाना एक चम्मच अश्वगंधा चूर्ण को गुनगुने पानी के साथ लेने से गठिया के दर्द और सूजन से राहत पा सकते हैं। यह उपाय शरीर को ताकत भी प्रदान करता है और गठिया के दर्द को कम करने में मदद करता है।

**सरसों के तेल की मालिश – जोड़ों की जकड़न में राहत** – गुनगुने सरसों के तेल की मालिश गठिया के दर्द और जकड़न को कम करने के लिए बहुत फायदेमंद होती है।

इसमें मौजूद मैग्नीशियम और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण जोड़ों की मजबूती बढ़ाते हैं और सूजन को घटाते हैं।

आप रोजाना रात को सोने से पहले गुनगुने सरसों के तेल से अपने प्रभावित जोड़ों की मालिश कर सकते हैं। इससे रक्त संचार बेहतर होता है और दर्द में राहत मिलती है।

**मेथी के बीज का पानी- सूजन और दर्द से राहत**

मेथी के बीज में ऐसे तत्व होते हैं, जो सूजन और दर्द को कम करने में मदद करते हैं। रात भर पानी में भिगोई हुई मेथी के बीज का पानी सुबह खाली पेट पीने से जोड़ों की सूजन और दर्द कम होता है। आप इसे 2-3 हफ्ते तक नियमित रूप से सेवन कर सकते हैं। इस उपाय से धीरे-धीरे गठिया के दर्द में कमी आती है और राहत मिलती है।

## नीम और गिलोय का काढ़ा- गठिया में राहत का उपाय

नीम और गिलोय दोनों ही शरीर की इम्यून सिस्टम को बढ़ाने में मदद करते हैं। इन दोनों का संयोजन गठिया के दर्द को कम करने में बहुत असरदार होता है। आप एक गिलास पानी में 1 चम्मच गिलोय पाउडर और 5-6 नीम की पत्तियां डालकर इसे 10-15 मिनट तक धीमी आंच पर पकाएं। जब पानी आधा रह जाए तो इसे छानकर गुनगुना पी सकते हैं। रोजाना सुबह खाली पेट इसे पीने से गठिया के दर्द में बहुत राहत मिलती है।

ये उपाय शरीर को नेचुरल तरीके से आराम देते हैं और गठिया से संबंधित समस्याओं में राहत देता हैं।





